आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 17.03.2025 समय : 07.10

मुख्य समाचार :–

- कूनो नेशनल पार्क में गामिनी और उसके 4 शावकों को भी छोड़ा गया खुले जंगल में।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गर्मी में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाने के दिए निर्देश।
- प्रधानमंत्री के पॉडकास्ट में उल्लेख पर विचारपुर के मिनी ब्राजील के खिलाडी हुए खुश।
- अशोकनगर में तीन दिवसीय करीला धाम मेला कल से होगा प्रारंभ।

## कूनो चीता

कूनो नेशनल पार्क के खजूरी पर्यटन जोन में आज गामिनी और उसके 4 शावकों को खुले जंगल में छोड़ा गया। शावकों में दो नर और दो मादा हैं। गामिनी और उसके शावकों को रेडियो कॉलर पहना दिया है। इससे खुले जंगल में उनकी निगरानी की जा सकेगी। इन 5 चीतों के छोड़े जाने के बाद खुले जंगल में चीतों की संख्या 17 हो गई है। बाड़े में केवल 9 चीते रह गए हैं। मुख्यमंत्री ने मीडिया को जारी संदेश में कहा कि आज का दिन प्रदेश के चीता प्रोजेक्ट और वन्य जीव संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

## विस कार्यवाही

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पांचवे दिन आज सदन में नियंत्रक महालेखाकार की साल 2022 की रिपोर्ट पेश की गयी. इसके साथ ही पिछले बजट के आय—व्यय पर सामान्य चर्चा के साथ नए बजट के लिए विभागीय अनुदान मांगों पर भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान एजी रिपोर्ट में गिनाई गई खामियों,जबलपुर जिले के टिमरी गांव में बीते दिनों हुए चार लोगों की हत्या तथा कान्हा नेशनल पार्क में हाल ही में हुई मुठभेड़ का मामला भी गूंजा। विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों ने इन मुद्दों को लेकर हंगामा किया। एक दो अवसर ऐसे भी आए जब विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिगर्मन भी किया।

## पेपरलेस बूथ

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव नवीन प्रणाली पेपरलेस बूथ के माध्यम से कराने की प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि इसके लिये जिला एवं विकासखण्ड

स्तरीय नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त कर जानकारी जल्द भेजें। इससे, वे निर्वाचन के पूर्व नवीन मतदान प्रणाली से भली भांति परिचित एवं अभ्यस्त हो सकेंगे।

## मुख्यमंत्री प्याऊ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिलों के कलेक्टर, नगरीय निकायों तथा पंचायतों को सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन स्थलों पर छाया की व्यवस्था भी की जाए। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में जन प्रतिनिधियों से भी अपील की है। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के लिए गर्मी में प्याऊ लगवाने की परंपरा प्राचीन काल से रही है। जल संरक्षण के साथ-साथ जल की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है।

## प्रधानमंत्री पॉडकास्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत के दौरान शहडोल जिले विचारपुर गाँव की अपनी यात्रा को याद किया है । उन्होंने इसे मिनी ब्राजील करार दिया है । प्रधानमंत्री के इस उल्लेख से विचारपुर के खिलाडी और कोच बहुत खुश हैं. कोच रईस अहमद ने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार माना है.

खिलाडी रेनू केवट और सीताराम का कहना है की इससे खिलाडियों का उत्साह बढेगा.

मन की बात के 103वें एपिसोड में भी प्रधानमंत्री ने विचारपुर का उल्लेख किया था । प्रधानमंत्री मोदी बताया है कि  इस गांव में हर परिवार चार पीढ़ियों से फुटबॉल खेल रहा है। गांव से अब तक करीब 80 राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल चुके हैं।

## ट्रम्प-प्रधानमंत्री पॉडकास्ट

अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अमरीका के पॉडकास्टर और यांत्रिक मेधा शोधकर्ता लेक्स फ्रिडमैन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पॉडकास्ट साक्षात्कार को आज अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर साझा किया। साक्षात्कार में श्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपने संबंधों के बारे में विस्तार से बात की। श्री मोदी ने अमरीका के प्रति उनके अनुकूलन और समर्पण की प्रशंसा की। तीन घंटे से अधिक समय तक चली बातचीत में प्रधानमंत्री ने कल कहा कि उनका श्री ट्रंप के साथ अच्छा संपर्क है, क्योंकि दोनों अपने-अपने देशों को पहले रखते हैं।

पोषण भी-पढ़ाई भी

महिला बाल विकास विभाग के संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों के लिए पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कल भोपाल में किया जा रहा है। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। केन्द्र सरकार के "पोषण भी-पढाई भी" कार्यक्रम के तहत प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। दो चरणों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 से 22 मार्च और 24 से 26 मार्च को होगा।

करीला धाम मेला

अशोकनगर जिले के करीला धाम में रंग पंचमी के अवसर पर कल से तीन दिवसीय मेला प्रारंभ होगा। मेले में लगभग 20 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। मान्यता है कि अयोध्या छोड़ने के बाद माता सीता करीला में आकर रही थी. यहीं पर उन्होंने लव और कुश को जन्म दिया था. कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने आज करीला मेला की अंतिम तैयारियों जायजा लिया।

जबलपुर विकास

जबलपुर में विकास कार्यों को नई गति मिलने जा रही है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि विभाग को मिले 13 हजार करोड़ के बजट में से जबलपुर के लिए 3 हजार 200 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इस राशि से शहर में 16 सौ करोड़ रुपए की लागत से 6 फ्लाईओवर और एक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होगा। साथ ही नई सड़कें बनाई जाएंगी और पुरानी सड़कों का पुननिर्माण किया जाएगा।

**कबड्डी विश्व कप**

इंग्लैंड में आज से शुरू हुए कबड्डी विश्व कप 2025 में भारतीय पुरुष टीम ने इटली को 64-22 से हराकर शानदार शुरुआत की है। एशिया के बाहर आयोजित होने वाला यह पहला विश्व कप सात दिन तक चलेगा जिसमें 60 से अधिक मैच होंगे । विश्व कबड्डी द्वारा आयोजित कबड्डी विश्व कप का यह दूसरा संस्करण है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सभापतित्व में आज विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की द्वितीय बैठक संपन्न हुई, जिसमें सत्र संबंधी कामकाज के संबंध में विचार विमर्श हुआ।
- नीमच में जिला स्तरीय पेंशन फोरम की बैठक सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई।
- पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने आज सतना जिले के ग्राम पवैया पहुंचकर शहीद ए.एस.आई रामचरण गौतम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।
- अनूपपुर में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के संबंध में ग्राम पंचायत बम्हनी में 21 मार्च को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है।
- खण्डवा में 25 से 30 मार्च तक शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुस्तक मेला आयोजित होगा। मेले में सस्ती दरों पर कक्षा नर्सरी से 12वी तक की पुस्तकें उपलब्ध रहेगी।
- झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- मंदसौर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है।
- शिवपुरी जिले के पिछोर में किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को आज एक ज्ञापन सोपा।
- सीहोर जिले में रबी मौसम की फसल गेहूं, चना, मसूर की कटाई के पश्चात नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।
- बैतूल जिले में संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने आज विभिन्न स्कूलों में जाकर परीक्षा का जायजा लिया और नकल विहीन परीक्षा कराए जाने के निर्देश दिए।

**इस बुलेटिन में बस इतना ही, अगले बुलेटिन में कल सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर फिर होगी मुलाकात**

------------------------